मालवा फर्स्ट
समाचार पत्र के शुभारम्भ पर
सभी क्षेत्रवासीयों को
हार्दिक शुभकामनाएं

स्वाभिमान ही अभिमान है

# मालवा फर्स्ट

MALWA FIRST

RNI NO. MPHIN38290 (TC)
सम्पादक - एश्वर्य शर्मा

नीमच, बुधवार
22 मार्च 2023

वर्ष 01, अंक 01 – मूल्य 02 रूपए

E-mail:nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866

COMMODITY : GOLD - 58,81 SILVER - 68,42 CRUDEOIL- 5,70 ALUMINIUM - 202.40 COPPER - 763.15 NATURALGAS - 182.10

## छात्र को किया परीक्षा से वंचित

नीमच। जिले की जावद तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम डीकेन में सरदार पटेल स्कूल संचालक द्वारा फीस के अभाव में कक्षा छठी के छात्रों को परीक्षा से वंचित करने का एक मामला सामने आया है, जिसमें सोमवार को पीड़ित परिवार व छात्र कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी सहित कलेक्टर के नाम एक शिकायती पत्र स्कूल संचालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा है। दिए गए आवेदन पत्र में छात्र नैतिक पिता दिनेशचन्द पाटीदार निवासी ग्राम डीकेन तहसील जावद ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा फीस के अभाव में परीक्षा से वंचित कर 5 पेपर नही देने दिए गए और छात्र का भविष्य खराब किया गया है। आवेदन में मांग की गई है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा किए गए इस कृत्य पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ उचित व कड़ी कार्रवाई की जाए। उक्त मामले में जिला शिक्षा अधिकारी सीके शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम डीकेन छात्र का आवेदन आया है मामले में जांच की जा रही है स्कूल प्रबंधन को छात्र की परीक्षा लेने के लिए निर्देश दिए गए हैं फीस के अभाव में यदि बालक को परीक्षा नहीं देने दी गई है तो नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## फर्श पर बैठकर हल किए प्रश्न पत्र

नीमच। नीमच जिले में रविवार को एक ऐसी परीक्षा हुई जिसमें विद्यार्थियों (बुजुर्गों) को न पास होने की चिंता थी और न ही फेल होने पर दुखी। इतना अवश्य था कि परीक्षा में पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर देना है। इसके लिए वे निरंतर तैयारी में लगे थे। मजे की बात यह कि परीक्षार्थी कहीं फर्श पर बैठ पेपर दे रहे थे तो कहीं उनके लिए टेबल-कुर्सी की व्यवस्था की गई थी। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को पूरे भारत में निरक्षर व प्रौढ़ व्यक्तियों को शिक्षित करने के उद्देश्य से राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा परीक्षा का आयोजन किया गया। पूरे भारत के साथ यह परीक्षा नीमच जिले में भी आयोजित की गई। परीक्षा के लिए नीमच जिले में 630 सामाजिक चेतना केंद्रों बनाए गए थे। इन सेंटरों पर 9 हजार 116 निरक्षर व बुजुर्गों (प्रौढ़) ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के संबंध में शिक्षा अधिकारी प्रलय उपाध्याय ने बताया कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा पूरे भारत में निरक्षर व प्रौढ़ वर्ग के लिए परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युवा भी शामिल हुए। विशेष कर बुजुर्गों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से परीक्षा आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में नीमच जिले में भी परीक्षा का आयोजन किया गया है।

## कराते प्रशिक्षण शिविर हुआ आयोजित

नीमच। अंचल के प्रख्यात डॉक्टर स्वर्गीय सुभाष वधवा की स्मृति में आयोजित हुए महिला सुरक्षा कराते प्रशिक्षण शिविर का समापन स्थानीय सेवा भारती कन्या छात्रावास में हुआ। महिला दिवस के उपलक्ष में शुरू हुए प्रशिक्षण के समापन समारोह में नीमच अनुविभागीय अधिकारी डॉक्टर ममता खेड़े, समाज सेविका श्रीमती अर्पिता मित्तल, सेवाभारती अध्यक्ष एवं सचिव ओम जी एवं सुनील जैन के साथ डॉ. उषा वाधवा, डॉ. स्वप्निल वाधवा, डॉ. स्वाति वाधवा उपस्थित रहे। डॉक्टर ममता खेड़े एसडीएम ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा हेतु कराते प्रशिक्षण का जो आयोजन वधवा परिवार और मीरा थापा द्वारा किया गया वह काफी प्रशंसनीय है।

### जापानी पीएम फुमियो किशिदा ने पीएम मोदी के साथ खाये गोलगप्पे

# बुद्ध जयंती पार्क में जायके के साथ राजनीति

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा ने बुद्ध जयंती पार्क की सैर की और इस दौरान आपसी संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा की। दो दिनों के दौरे पर दिल्ली पहुंची किशिदा ने पार्क में गोल गप्पे, लस्सी और आम पन्ना का स्वाद भी चखा। दोनों नेताओं ने भारत-जापान वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने पर भी सहमति जताई। दोनों ही नेताओं ने ये माना कि ये शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध भारत-प्रशांत के लिए जरूरी है।

मोदी ने अपने मीडिया बयान में त्र20 में भारत के अध्यक्ष पद और त्र7 समूह की अध्यक्षता वाले जापान का जिक्र किया और कहा कि वैश्विक भलाई के लिए दोनों पक्षों की प्राथमिकताओं पर मिलकर काम करने का ये सबसे अच्छा अवसर है। प्रधान मंत्री ने कहा कि भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी लोकतांत्रिक सिद्धांतों और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान पर आधारित है और ये भारत-प्रशांत के लिए भी बेहद जरूरी है।



कई मुद्दों पर चर्चा - मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने विशेष रूप से डिफेंस, डिजिटल टेक्नोलॉजी, व्यापार और निवेश और स्वास्थ्य समेत दूसरे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने सेमी-कंडक्टर और बाकी अहम तकनीकों के लिए विश्वसनीय सप्लाई चेन के महत्व पर भी चर्चा की।

जापान का निमंत्रण - जापानी प्रधान मंत्री ने कहा कि उन्होंने औपचारिक रूप से मई में त्र7 शिखर सम्मेलन के लिए मोदी को आमंत्रित किया और उनके भारतीय समकक्ष ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया। अपने बयान में, किशिदा ने कहा कि नई दिल्ली के साथ टोक्यो का आर्थिक सहयोग तेजी से बढ़ रहा है और ये न केवल भारत के आगे विकास का समर्थन करेगा बल्कि जापान के लिए जरूरी आर्थिक अवसर भी पैदा करेगा।

बढ़ रहा है भारत-जापान सहयोग - भारत-जापान संबंध 2000 में ग्लोबल पार्टनरशिप, 2006 में स्ट्रेटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप और 2014 में %स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप% तक बढ़े हैं। 2006 से दोनों देशों के नेताओं के बीच नियमित सालाना शिखर सम्मेलन भी किए गए हैं। पिछले साल मार्च में अपनी भारत यात्रा के दौरान किशिदा ने अगले पांच सालों में भारत में पांच ट्रिलियन येन (3,20,000 करोड़रुपए) के निवेश लक्ष्य की घोषणा की थी।



आज से प्रारंभ
चैत्र नवरात्रि

## कीटनाशक गटने से महिला मौत

नीमच। बघाना थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले फतेह चौक निवासी एक 40 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक गटक लिया। जिसे गंभीर अवस्था में परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय लाया गया।

जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। मोत के बाद महिला के शव को चिर ग्रह में रखा गया है जहां पीहर पक्ष की उपस्थिति में पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। जिला अस्पताल में परिजनों द्वारा दी गई पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला का नाम मीना वर्मा पति संतोष सोनी उम्र 40 वर्ष निवासी फतेह चौक बघाना है। जिसकी वर्तमान में चल रहे वायरल के कारण तबियत खराब थी आज सोमवार सुबह 9 बजे महिला ने पानी भरा इस दौरान लाइट चली जाने से घर मे अंधेरा हो गया था।

तभी महिला मीना वर्मा ने वायरल की दवा के स्थान पर गलत दवा कीटनाशक का सेवन कर लिया था। जिससे उसकी तबीयत बिगडने लगी थी जिसे गंभीर अवस्था में परिजनों द्वारा तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया था। जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया, फिलहाल महिला के शव को जिला चिकित्सालय के चिर ग्रह में रखा गया है वही महिला के पीहर पक्ष की उपस्थिति में मृतक महिला के शव का परीक्षण कर शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

उक्त मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच प्रारंभ की है यह तो जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा कि महिला की मौत का क्या कारण रहा होगा।

## नीमच जिले में कुंड में नहाने गए वृद्ध पर हमले के बाद तेंदुए की मौत





नीमच। वन परिक्षेत्र जावद के अंतर्गत आने वाले गांव बड़ी घाटी अंबा महादेव मंदिर परिसर में बने कुंड में सोमवार सुबह नहाने गए वृद्ध जगदीशचंद्र धाकड़ पर तेंदुए ने हमला कर दिया। इससे जगदीशचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर मचाने पर पहुंचे युवकों पर भी तेंदुए ने हमला किया, लेकिन उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। वृद्ध को गंभीर हालत में शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल, फिर उदयपुर रेफर कर दिया गया है। हमले के बाद भी तेंदुआ जंगल में ही घूमता रहा। वह काफी सुस्त दिख रहा था। जावद वन परिक्षेत्राधिकारी तीर्थराज सिंह ने बताया कि सूचना पर वन विभाग का दल तेंदुए को पकड़ने के लिए पहुंच गया था, लेकिन ग्रामीणों के शोर करने से तेंदुआ घबराकर चला गया। इसके बाद शाम को तेंदुए की मौत हो गई। मौत का कारण पता नहीं चला है। नीमच में पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट कहा जा सकेगा।

ग्रामीणों ने बनाया वीडियो - तेंदुए के पीछे ग्रामीण चल रहे थे और वीडियो भी बना रहे थे। ग्रामीणों को पीछे आता देख भी तेंदुआ भाग नहीं रहा था। वह धीरे-धीरे चल रहा था।

## नीमच में एक ऐसी सुविधा जिसकी सब दूर हो रही प्रशंसा

नीमच। यदि आप अपने घर के आसपास गंदगी से परेशान है तो केवल एक नंबर घुमाइए और कुछ ही समय में नगरपालिका की स्वच्छता टीम अपने क्षेत्र में पहुंच जाएगी। नपाध्यक्ष ने नीमच को स्वच्छता पायदान पर नंबर वन बनाने के लिए शुरू की है अभिनव पहल।

नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चौपड़ा द्वारा नीमच शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए 25 फरवरी को स्वच्छता हेल्पलाईन नंबर जारी करते हुए मोबाईल मित्र योजना का शुभारंभ किया गया है। इसमें नागरिकों को स्वच्छता संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए स्वच्छता हेल्पलाईन नम्बर 7477017747 जारी किया गया है। इस नंबर पर स्वच्छता संबंधी शिकायत मय फोटो के भेजने पर 48 घंटे में समस्या का निदान किया जा रहा है। नपाध्यक्ष चौपड़ा के प्रयासों से उनकी यह योजना सफल होती नजर आ रही हैं। 25 फरवरी से 19 मार्च तक मात्र 22 दिनों में स्वच्छता हेल्पलाइन नंबर पर की गई कुल 241 शिकायतों में से 195 शिकायतों का निराकरण नगरपालिका के स्वास्थ्य अमले द्वारा किया जा चुका है।

48 घंटे में हो रहा शिकायत का समाधान - स्वास्थ्य सभापति धर्मेश पुरोहित ने बताया कि स्वच्छ नीमच अभियान के अंतर्गत नपाध्यक्ष चौपड़ा द्वारा स्वच्छता हेल्पलाईन नम्बर (मोबाईल मित्र) जारी करने के साथ ही सफाई कामगारों की 4 अलग-अलग टीमों का गठन किया है। इस पहल से अब शहर के किसी भी क्षेत्र में गंदगी होने की शिकायत मिलने पर 48 घंटे के अंदर उसका निराकरण किया जा रहा है। स्वच्छ नीमच सुंदर नीमच के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वच्छता हेल्पलाईन नम्बर पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण समयसीमा में कराया जा रहा है। स्वास्थ्य सभापति पुरोहित ने बताया कि 22 दिनों में स्वच्छता हेल्पलाईन नम्बर (मोबाईल मित्र योजना) पर कुल 241 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन्हें गंभीरता से लेते हुए नपाध्यक्ष स्वाति चौपड़ा के मार्गदर्शन में स्वच्छता निरीक्षकों, स्वच्छता पर्यवेक्षकों व स्वच्छता मित्रों के निरंतर प्रयास से 195 निराकरण कर दिया गया है। शेष शिकायतों को भी त्वरित निराकरण किया जाएगा। स्वास्थ्य सभापति पुरोहित ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता हेल्पलाईन नंबर पर मयफोटो, वार्ड नंबर व स्थान के साथ शिकायत करें।

# शिवराज सरकार के तीन साल को उत्सव के रूप में मनाएगी भाजपा, होंगे ये कार्यक्रम

भोपाल। 23 मार्च को भाजपा की प्रदेश सरकार अपने चौथे कार्यकाल के तीन साल पूरे कर रही है। भाजपा का कहना है कि शिवराज सरकार ने बीते तीन सालों में बेमिसाल काम किया है। प्रदेश सरकार की इस वर्षगांठ को भाजपा पूरे प्रदेश में उत्सव के रूप में मनाएगी।

यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से चर्चा के दौरान कही।

शर्मा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 26 मार्च को पार्टी के नए सर्वसुविधायुक्त कार्यालय भवन का भूमिपूजन करेंगे। नया कार्यालय भवन एक लाख वर्गफीट में बनेगा। इसमें तीन संकुल होंगे। कार्यालयीन संकुल का नाम संकल्प होगा। पदाधिकारी निवास 'समर्पण' और कर्मचारी आवास 'सहयोग' नए भवन के अंग होंगे।

नए भवन में 1005 की क्षमता वाला आडीटोरियम होगा तथा 400 वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था होगी। कार्यालय भवन के निर्माण में पर्यावरण का ध्यान रखा जाएगा तथा वर्षाजल के संग्रहण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग तथा सौर ऊर्जा का प्रयोग किया जाएगा।



शर्मा ने बताया कि प्रत्येक कार्यकर्ता नए भवन से भावनात्मक रूप से जुड़े रहें, इसके लिए भवन निर्माण में कार्यकर्ताओं से आर्थिक सहयोग लिया जाएगा। जेपी नड्डा भोपाल एवं नर्मदापुरम संभागों की 36 विधानसभाओं के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे, जिसमें 20 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे।

बैठक से पहले 23 मार्च को भाजपा सरकार के चौथा कार्यकाल के तीन साल पूरे होने पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। गृह मंत्री डाक?टर नरोत?तम मिश्रा ने मीडिया को बताया कि इसकी शुरुआत 23 मार्च को युवा महापंचायत से भोपाल में होगी।

24 को रोजगार दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीमच में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और सभी मंत्री स्थानीय या प्रभार के जिले में हिस्सा लेंगे।

चार अप्रैल को खंडवा में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लाड़ली बहना योजना का कार्यक्रम होगा। पांच अप्रैल को तेंदूपत्ता बोनस वितरण, छह अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन का कार्यक्रम रखा गया है।

सात अप्रैल को दो योजनाओं की शुरुआत होगी तो आठ अप्रैल को प्रबुद्धजन चर्चा का कार्यक्रम सभी जिलों में होगा। नौ अप्रैल को किसान सम्मेलन में चयनित सिंचाई योजनाओं का शिलान्यास और दस अप्रैल को भू-आवासीय अधिकार योजना के अंतर्गत कार्यक्रम होगा।

# नीमच में तेंदुआ लाइव थिर्लर... बुजुर्ग नहाने गया किया घायल

नीमच/जावद। अचानक रतनगढ़ क्षेत्र के जाट वन क्षेत्र के बड़ी घाटी गांव के समीप तालाब में ग्रामीण बुजुर्ग नहाने जाता है। इस दौरान तेंदुए अचानक हमला कर देता है। तेंदुए के हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। दूसरी और ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम के साथ तेंदुए की घेराबंदी कर उसे पकड़ा, लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।



**तेंदुए के हमले में डिप्टी रेंजर व ग्रामीण हुए घायल** -तेंदुए के हमले के बाद ग्रामीण इस आशंका में कि कहीं और कोई इस तेंदुए का शिकार न हो जाए उसकी तलाश शुरू करते हैं। तेंदुआ आगे आगे और ग्रामीण पीछे पीछे। अंततः एक ही स्थान पर तेंदुए को घेरकर एक कमरे में बंद किया जाता है। थोड़ी देर बाद वहां से भी कूदकर तेंदुआ निकल भागता है। ग्रामीण फिर पीछे पीछे दौड़ लगा देते हैं। इस दौरान वन विभाग की टीम भी आ जाती है। तेंदुए को घेरने का क्रम शुरू होता है। एक खेत के पास तेंदुए को फिर घेरा जाता है। वन विभाग तथा ग्रामीणों द्वारा तेंदुए को पकडने के लिए प्रयास किए जाते हैं। वन विभाग के डिप्टी रेंजर बगदीराम गणावा समेत एक अन्य ग्रामीण को तेंदुआ हमला कर घायल कर देता है। इसके बाद प्रयास दर प्रयास और अंततः वन विभाग और ग्रामीणों की संयुक्त रेस्क्यू कार्रवाई में तेंदुए को पिंजरे में डाल दिया जाता है। पिंजरे में कैद होने के बाद तेंदुआ में मूवमेंट नहीं दिखता। इससे वन विभाग और ग्रामीणों में निराशा दिखाई दी।

ग्रामीणों ने अपनी जान पर खेल पकड़ा तेंदुआ - जी हां, यह बात कर रहे हैं हम जाट वन क्षेत्र के बड़ी गांव में तेंदुए के पूरी ऑपरेशन की। एक तरह से बड़ा थिर्लर जो कि कभी हम फिल्मों में देखते हैं या फिर जंगल सफारी के दौरान। लेकिन यहां ग्रामीणों ने अपनी जान पर खेलकर तेंदुए को पकड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 7 बजे रतनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ी घाटी निवासी जगदीशचंद्र पिता अमरचंद्र धाकड़ (74) अम्बा महादेव मंदिर परिसर में बने कुंड में नहाने के लिए गए थे। इसी बीच एक खुंखार तेंदुए ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे जगदीशचंद्र बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के बाद ग्रामीण उक्त घायल हो प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र जाट लेकर पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जगदीशचंद्र को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां उनकी हालत में काफी हद तक सुधार है।

डिप्टी रेंजर समेत तीन लोग घायल - सुबह तालाब के नजदीक बड़ी गांव के एक ग्रामीण को तेंदुए ने घायल किया। इसके बाद वन विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ मिलकर रेस्क्यू कर रही थी। इस दौरान वन विभाग के डिप्टी रेंजर बगदीराम एवं एक अन्य ग्रामीणों को घायल किया। तेंदुए को पकडने में ग्रामीणों ने साहसिक प्रयास किए। इस कार्य में पिंटू धाकड़, हरिओम बैरागी, राजीव ओझा, सुंदर धाकड़, सोहनलाल धाकड़, गोपाल धाकड़, सूरज नाथ, राधेश्याम धाकड़, घीसालाल भील, भरत धाकड़, रतन भील, भानु धाकड़, मुकेश बैरागी आदि ग्रामीण शामिल थे।

## नीमच में अविनाश ग्रुप और दानिश अरोरा मित्र मंडल ने किन्नरों का किया एतिहासिक स्वागत

नीमच। जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय मंगल मुखी किन्नर सम्मेलन चल रहा है। इसके अंतर्गत अविनाश ग्रुप ऑफ कम्पनीज की ओर से दानिश अरोरा एवं मित्रमंडल द्वारा किन्नर गुरुओं एवं उनके अनुयायियों का भव्य अभिनन्दन समारोह एवं स्नेहभोज आयोजित किया गया। नीमच में अपने अभुतपूर्व स्वागत और सत्कार से अभिभूत किन्नर गुरुओं और उनके शिष्यों ने दिल खोलकर दुआएं दी।

अविनाश ग्रुप के दानिश अरोरा मित्र मंडल द्वारा मंगलमुखी किन्नर सम्मेलन में देश भर से पधारे किन्नर गुरुओं और उनके शिष्यों के लिए भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया। इसके अंतर्गत प्रातः किन्नर समुदाय की कुलदेवी बहुचर माता की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात किन्नर गुरु अनिता अंटी मंदसौर, ज्योति अंटी नीमच, शिष्या सुनीता दीदी किरण गुरु ब्यावर, रीटा दीदी पाली सहित प्रमुखों द्वारा समाजसेवी राकेश अरोरा, दानिश अरोरा की उपस्थिति में किन्नर समुदाय की कुलदेवी को महाभोग अर्पित किया गया। इसके बाद स्नेहभोज आरम्भ हुआ। जिसमें दानिश अरोरा एवं मित्रमंडल द्वारा समस्त किन्नरों की भोज मनुहार की गई। अपने स्वागत सत्कार से अभिभूत हुए किन्नर



गुरुओं, उनके समस्त शिष्यों ने हृदय से आशीर्वाद और दुआएं दी। नीमच में अपने स्वागत सत्कार को उन्होंने अविस्मरणीय बताया। ज्योति आंटी की शिष्या सुनीता दीदी ने बताया कि नीमच में किन्नर समुदाय के अखिल भारतीय सम्मेलन में देशभर से लगभग 500 किन्नर भाग ले रहे हैं। इनके प्रति नीमचवासियों ने जो प्रेमभाव दर्शाया उसे पाकर पूरा किन्नर समुदाय बेहद प्रसन्न है। अविनाश ग्रुप के द्वारा किया गया सत्कार अभिनंदनीय है। नीमच के समस्त नागरिकों के स्वस्थए खुशहाल और समृद्धि की दुआएं करते हैं। इस दौरान नपाध्यक्ष स्वाति चौपड़ा, भाजपा नेता संतोष चौपड़ा, कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यकारिण सदस्य उमरावसिंह गुर्जर सहित नेतागण, जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने किन्नर गुरुओं का आशीर्वाद लिया।

मंगलवार दोपहर किन्नर समुदाय के गुरू-शिष्यों की शोभायात्रा का आरंभ गायत्री शक्तिपीठ से पूजा अर्चना के साथ हुआ। शोभायात्रा में प्रमुख किन्नर सदस्य कलश धारण कर चल रहे थे तो किन्नर समुदाय के मुख्य गुरुजन बग्गियों और वाहनों में विराजित थे। शोभायात्रा जैसे जैसे आगे बढ़ रही थी वैसे ही शहर वासियों का हुजूम शोभायात्रा के स्वागत के लिए उमड़ रहा था। शनि मंदिर के समीप अविनाश ग्रुप की ओर से दानिश अरोरा मित्रमंडल ने किन्नर गुरुओं का स्वागत मंच पर सम्मान किया। साथ ही राकेश अरोरा एवं सांवरिया मित्रमंडल द्वारा किन्नर गुरू अनिता आंटी मंदसौर, किरण दीदी ब्यावर, रीटा दीदी पाली सहित किन्नर गुरुओं एवं आयोजक ज्योति आंटी नीमच, शिष्या सुनीता दीदी का पुष्पहारों से स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल सभी किन्नर गुरू-शिष्यों पर अपार पुष्पवर्षा की गई। साथ ही उन्हें स्वल्पाहार कराया गया। यात्रा में किन्नर ढोल की थाप पर नृत्य करते चल रहे थे।

# प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनी यूपी

## डब्ल्यूपीएलः गुजरात को तीन विकेट से हराया, मैकग्रा और हैरिस के अर्धशतक

**मुंबई।** यूपी वॉरियर्स ने मैन ऑफ द मैच ग्रेस हैरिस (41 गेंद, 72 रन) और ताहलिया मैकग्रा (38 गेंद, 57 रन) के विस्फोटक अर्धशतकों की बदौलत विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सोमवार को गुजरात जायंट्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर लिया। इससे पहले मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स भी क्वॉलीफाई कर चुकी हैं। जायंट्स ने 20 ओवर में छह विकेट पर 178 रन बनाए। जबाव में वॉरियर्स ने 19.5 ओवर में सात विकेट पर 181 रन बनाकर जायंट्स को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वॉरियर्स ने सात मैच में आठ अंक के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में तीसरे स्थान पर है। जायंट्स ने आठ मैच में सिर्फ दो जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जबकि उसकी इस हार के साथ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (सात मैच, चार अंक) भी टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। दिल्ली अब सात मैच में पांच जीत और दो हार के साथ शीर्ष स्थान पर है, जबकि मुंबई एक पायदान फिसलकर दूसरे स्थान पर आ गई है।

वॉरियर्स ने 179 रन के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए दैविका वैध (सात रन), कप्तान एलीसा हीला (12 रन) और किरण नवगिरे (चार रन) का विकेट जल्दी गंवा दिया। वॉरियर्स के तीन विकेट 39 रन पर गिरने के बाद हैरिस-मैकग्रा की जोड़ी एक बार फिर टीम को बचाने के लिए आगे आयी और चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़े। हैरिस ने 72 रन और मैकग्रा ने 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वॉरियर्स जीत के लिए ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले इन दोनों बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। इसके बाद जब आखिरी ओवर में जीत के लिये सात रन की जरूरत थी। सोफी एकलेस्टन (19 नाबाद) ने पहली चार गेंद पर पांच रन लेने के बाद पांचवीं गेंद पर चौका जड़कर वॉरियर्स को यादगार जीत दिलाई। किम गार्थ ने दो विकेट झटके।




### गुजरात के लिए हेमलता-गार्डनर ने की 108 रन की साझेदारी

गुजरात जायंट्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन आक्रामक शुरुआत के बाद तेजी से तीन विकेट गंवा दिए। सलामी बल्लेबाज लौरा वुलवार्ड (13 गेंद, 17 रन) और सोफिया डंकली (13 गेंद, 23 रन) ने पहले विकेट के लिए चार ओवर में 41 रन की साझेदारी की। पावरप्ले समाप्त होने से पहले हरलीन देओल (चार रन) भी आउट हो गई। जायंट्स को शुरुआती झटके लगने के बाद दयालन हेमलता और गार्डनर ने चौथे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी करके टीम को संकट से निकाला। हेमलता ने 33 गेंद पर 57 रन बनाये, जबकि गार्डनर ने 39 गेंद पर 60 रन बनाकर जायंट्स को दमदार स्कोर तक पहुंचाया। इस साझेदारी की बदौलत हालांकि जायंट्स ने अंतिम पांच ओवर में 50 रन जोड़कर छह विकेट पर 178 का स्कोर खड़ा किया। वॉरियर्स की ओर से पार्शवी ने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि गायकवाड़ ने चार ओवर में 39 रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं। अंजलि और एकलेस्टन को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ।

### कैपिटल्स ने मुंबई को नौ विकेट से रौंदा



**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से रौंदकर अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 109 रन बनाए। कैपटिल्स ने मेग लैनिंग, शेफाली वर्मा और एलिसे कैपसी की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर 110 रन का लक्ष्य नौ ओवर में ही हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज शेफाली ने पहले ओवर में मुंबई की गेंदबाजी को बेअसर करते हुए 15 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 33 रन बनाए जबकि उनकी जोड़ीदार लैनिंग ने 22 गेंद पर नाबाद 32 रन की पारी खेली। कैपसी ने अंत में आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 17 गेंद पर 38 रन बनाए। कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और 10 रन के अंदर मुंबई को तीन झटके देकर रनगति पर लगाम कस दी। मरिजाने ने यास्तिका भाटिया (एक रन) और नैट सिवर ब्रंट (पांच रन) को एक ही ओवर में आउट किया, जबकि मैथ्यूज (शून्य) चौथे ओवर में भेंट चढ़ गयीं। अमेलिया केर ने आठ रन ही बना सकीं। चार विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आयीं पूजा वस्त्राकर ने 19 गेंद पर 26 रन बनाते हुए हरमनप्रीत कौर 26 गेंद पर 23 रन के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की। वॉन्ग ने आखिरी ओवरों में कुछ अच्छे शॉट खेलते हुए अमनजोत कौर के साथ 30 रन जोड़े, जिसकी मदद से मुंबई 109 रन के स्कोर तक पहुंच सकी। वॉन्ग ने 24 गेंद 23 रन जबकि अमनजोत ने 16 गेंद पर 19 रन बनाए। दिल्ली के लिए काप ने चार ओवर में मात्र 13 रन देकर दो विकेट लिए। शिखा पांडे और जॉनसनको दो-दो विकेट हासिल हुए, जबकि अरुंधति रेड्डी ने एक सफलता प्राप्त की।

# भोपाल ऐतिहासिक शूटिंग विश्वकप के भव्य उद्घाटन समारोह के लिए तैयार

## आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी होंगे विशिष्ट अतिथि



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल, एक ऐतिहासिक शूटिंग विश्व कप के भव्य उद्घाटन के लिए पूरी तरह तैयार है, जो भारत में नई दिल्ली के बाहर अब तक का पहला आयोजन है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आज आयोजित होने वाले शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के अध्यक्ष लुसियानो रॉसी विशिष्ट अतिथि होंगे। खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रणिंदर सिंह मुख्यमंत्री के नए फाइनल हाल का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। फाइनल हॉल के उद्घाटन के अलावा, उद्घाटन समारोह में शपथ ग्रहण समारोह के साथ-साथ मल्लखंब का प्रदर्शन भी होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री आईएसएसएफ अध्यक्ष और उनकी पत्नी लॉरा रॉसी के सम्मान में रात्रिभोज देंगे। पहली बार भारत का दौरा कर रहे आईएसएसएफ के अध्यक्ष लुसियनों रॉसी और उनकी धर्मपत्नी लॉरा रॉसी सोमवार को भोपाल पहुंचे।

### टूर्नामेंट में 30 देशों के करीब 200 निशानेबाज लेंगे हिस्सा

भोपाल में 30 देशों के करीब 200 निशानेबाज हिस्सा ले रहे है। भाग लेने वाले प्रमुख नामों में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन जीन क्विकमपोइक्स. इवेंट में रियो ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के क्रिश्चियन रिट्ज और महिलाओं की एयर राइफल विश्व चैंपियन यूएसए की एलिसन मैरी वीज जैसे अन्य शामिल होंगे। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन, रुद्राक्ष पाटिल भी एक्शन में दिखाई देंगे, साथ ही दो मौजूदा एयर पिस्टल विश्व चैंपियन, चीन के लियू जिनयाओ और लू काइमन भी एक्शन में दिखाई देंगे।

### अनौपचारिक अभ्यास मध्य प्रदेश में

खिलाड़ियों ने भारत के अलावा यूएसए, चीन, जर्मनी, डेनमार्क, मालदीव, मैक्सिको, चीनी ताइपे, रोमानिया, डेनमार्क और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ शूटिंग अकादमी रेंज में प्रशिक्षण लिया। चैंपियनशिप 22 मार्च, 2023 से शुरू होंगी, जिसमें पहले दिन पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल निर्धारित है। भारतीय और चीन ने क्रमशः 37-निशानेबाजों में प्रवेश करने के साथ सबसे बड़ा दल मैदान में उतारा है। भारत के लिए, 22-निशानेबाज पदक के लिए निशाना साधेंगे। जबकि अन्य केवल रैंकिंग अंक के लिए खेलेंगे। आईएसएसएफ विश्वकप राइफल/पिस्टल भोपाल में लगातार पांच प्रतियोगिता दिवसों में कुल 10 फाइनल, सभी ओलंपिक स्पर्धाएं होंगी।

### साक्षी व लवलीना ने क्वॉर्टरफाइनल में जगह बनाई

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियनशिप 2021 की कांस्य पदक विजेता साक्षी चौधरी और टोक्यो ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोर्गोहेन ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री-क्वॉर्टरफाइनल में सोमवार को अपने-अपने मुकाबले सर्वसम्मति से जीतकर क्वॉर्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। साक्षी ने 52 किग्रा वर्ग के एकतरफा मुकाबले में कजाकस्तान की जजिरा उराकबायेवा पर शुरू से ही दबाव बनाया और 5-0 से जीत दर्ज की। लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग में मेक्सिको की वनेसा ओर्टिज को 5-0 से हराया। इंदिरा गांधी खेल परिसर पर आयोजित चैंपियनशिप में लवलीना ने अपने मुकाबले की रक्षात्मक शुरुआत की और उन्हें लय हासिल करने में समय लगा। छोटे कद की ओर्टिज के विरुद्ध लवलीना को सूझबूझ से डिफेंस करना पड़ा लेकिन जैसे-जैसे बाउट आगे बढ़ता गया, लवलीना अपनी विपक्षी खिलाड़ी पर हावी हो गयीं। दूसरी ओर, साक्षी नें अपनी पहुंच का शानदार इस्तेमाल किया और दोनों हाथों से लगातार मुक्के बरसाये। वह शुरुआत से ही पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं और पहले राउंड में जीत हासिल की।

### अल्काराज ने जीता इंडियन वेल्स मास्टर्स का खिताब

**इंडियन वेल्स।** 19 वर्षीय स्पेन के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पहली बार पुरुष एकल वर्ग में इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। वह यह खिताब जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। खिताब जीतने के बाद कार्लोस अल्कराज फिर से एटीपी रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गए हैं, वहीं सर्बिया के नोवाक जोकोविच दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। कार्लोस अल्कराज ने रूस के डेनिल मेदवेदेव को एक घंटे 10 मिनट तक चले फाइनल मैच में सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया। अल्कराज ने मेदवेदेव के पांच में से 18 विनर मारे और एक ऑल-एक्शन जीत में 13 में से 10 नेट पॉइंट जीते। स्पैनियार्ड ने अपने प्रतिद्वंद्वी के डीप कोर्ट पोजीशन का फायदा उठाते हुए बार-बार अपने पेटेंट ड्रॉप शॉट से भी सफलता पाई। जीत के बाद अल्कराज ने कहा, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। नंबर वन रैंकिंग हासिल करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को टेस्ट सीरीज में किया क्लीन स्वीप



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को दो दिन में दूसरी बार ऑलआउट करते हुए सोमवार को दूसरा टेस्ट 58 रन से जीतकर दो मैचों की सीरीज क्लीन स्वीप कर ली। पहली पारी में 580 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 164 रन पर ऑलआउट कर दिया था। फॉलोऑन करते हुए मेहमान टीम चौथे दिन 358 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत 113/2 के स्कोर से की। मेंडिस (50 रन) और एंजलो मैथ्यूज ( 02 रन) दिन की शुरुआत में ही आउट हो गए। चांदीमल (62) और डी सिल्वा (98 रन) के बीच पांचवें विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी हुई। विकेटकीपर निशन मदुशंका 39 रन बनाए। श्रीलंका के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने मैच को ड्रॉ करवाने के लिए कई गेंदें खेलीं, लेकिन उनका प्रयास असफल रहा।

### प्रशिक्षण के लिए तुर्की जाएंगे नीरज

**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में प्रशिक्षण के लिये मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भाला फेंक एथलीट नीरज एक अप्रैल को तुर्की के लिए रवाना होंगे और 61 दिनों के प्रशिक्षण के बाद 31 मई को भारत लौटेंगे।

## बिजनेस

# कमजोर संकेतों से बाजार में गिरावट

## चौतरफा बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स 360 अंक और निफ्टी 111 अंक टूटा



**मुंबई।** एशियाई बाजार से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर हुयी चौतरफा बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार में आज 0.60 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 360.95 अंक टूटकर 57628.95 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 111.65 अंक गिरकर 17 हजार अंक से नीचे 16988.40 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली का दबाव रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 1.12 प्रतिशत टूटकर 23842.05 अंक पर और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत गिरकर 26899.39 अंक पर रहा। बीएसई में शामिल समूहों में एफएमसीजी में 0.60 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर शेष सभी समूहों में गिरावट रही जिसमें धातु में सबसे अधिक 2.17 प्रतिशत और हेल्थकेयर में सबसे कम 0.09 प्रतिशत की सबसे कम की गिरावट रही। बीएसई में कुल 3752 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2480 को नुकसान हुआ जबकि 1143 हरे निशान में रही। इस दौरान 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर यूरोपीय बाजार हरे निशान में जबकि एशियाई बाजार लाल निशान में रहे। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.40 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 2.65 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.42 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.48 प्रतिशत की गिरावट में रहा। बीएसई का सेंसेक्स 216 अंकों की गिरावट लेकर 57773.55 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह लिवाली के बल पर 57829.23 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसके बाद शुरू हुयी बिकवाली के दबाव में यह 57084.91 अंक के निचले स्तर तक टूटा। अंत में यह पिछले दिवस के 57989.90 अंक की तुलना में 0.62 प्रतिशत अर्थात 360.95 अंक टूटकर 57628.95 अंक रहा।

### निवेशकों के डूबे 3.5 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार दिन के सबसे निचले स्तरों पर फिसल गया है। बाजार की चौतरफा बिकवाली में आईटी, मेटल, बैंकिंग समेत रियल्टी स्टॉक्स शामिल हैं। स्टॉक मार्केट की गिरावट में निवेशकों को भारी चपत लगी है, क्योंकि क्रस्ध पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप घटकर 253.88 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो 17 मार्च को 257.52 लाख करोड़ रुपए था यानी गिरावट के चलते निवेशकों को 3.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हो चुका है जबकि कारोबारी सत्र का दूसरा सेशन बाकी है। मार्केट की बिकवाली में अदानी और बजाज ग्रुप के शेयर निफ्टी में टॉप लूजर्स हैं जबकि क्रक्ष्टरु 2 फीसदी ऊपर ट्रेड कर रहा है। इससे पहले शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी दर्ज की गई थी। सेंसेक्स 355 अंक चढ़कर 57,989.90 पर और निफ्टी भी 114 अंकों की मजबूती के साथ 17100 पर बंद हुआ था।

### सिग्नेचर बैंक को खरीदेगा न्यूयॉर्क कम्युनिटी बैंक

**नईदिल्ली।** न्यूयॉर्क कम्युनिटी बैंक ने विफल सिग्नेचर बैंक की एक बड़ी हिस्सेदारी को 2.7 अरब डॉलर में खरीदने का निर्णय किया है। फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एफडीआईसी) ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही, सोमवार से सिग्नेचर बैंक की 40 शाखाएं फ्लैगस्टार बैंक के नाम से जानी जाएंगी। फ्लैगस्टार न्यूयॉर्क कम्युनिटी बैंक की अनुषंगियों में से एक है। इस सौदे में सिग्नेचर बैंक की 38.4 अरब डॉलर की परिसंपत्तियों की खरीद शामिल होगी। फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एफडीआईसी) ने कहा कि सिग्नेचर बैंक का 60 अरब डॉलर का कर्ज सुरक्षित है और सौदा समय पर पूरा होने की उम्मीद है। सिलिकॉन वैली बैंक के बंद होने के 48 घंटे के भीतर सिग्नेचर बैंक के विफल होने की जानकारी सामने आई थी।

### `क्रेडिट सुइस को खरीदेगा स्विट्जरलैंड का यूनियन बैंक

स्विट्जरलैंड के यूनियन बैंक (यूबीएस) स्विस बैंक क्रेडिट सुइस को खरीदेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार इस डील के लिए यूबीएस3 बिलियन स्विस फ्रैंक (3.23 बिलियन डॉलर) खर्च करेगा। इसके साथ ही यूनियन बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड क्रेडिट सुइस बैंक के 5.4 अरब डॉलर के घाटे को स्वीकार करने के लिए भी तैयार हो गया है। क्रेडिट सुइस बैंक की गिनती यूरोप के टॉप बैंकों में होती है।

### यूबीएस के संकटग्रस्त बैंक क्रेडिट सुइस को खरीदने की घोषणा के बाद दोनों के शेयर टूटे

**जिनेवा।** वैश्विक बैंकिंग प्रणाली में आई उथल-पुथल को रोकने के उद्देश्य से विश्व की एक प्रमुख वित्तीय कंपनी यूबीएस स्विट्जरलैंड के संकटग्रस्त बैंक क्रेडिट सुइस को लगभग 3.25 अरब डॉलर में खरीदेगी। इस घोषणा के बाद क्रेडिट सुइस का शेयर 63 प्रतिशत और यूबीएस का शेयर 14 प्रतिशत टूट गया। क्रेडिट सुइस ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह अपने शेयरों के गिरने के बाद स्विस सेंट्रल बैंक (केंद्रीय बैंक) से 54 अरब डॉलर तक का कर्ज लेगा। हालांकि, इससे भी बैंक के ग्राहक और निवेशक आश्वस्त नहीं हुए। इसके बाद स्विट्जरलैंड के अधिकारियों ने यूबीएस से संकटग्रस्त बैंक का अधिग्रहण करने का अनुरोध किया। स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति अलेन बरसेत ने कहा कि यह सौदा अंतरराष्ट्रीय वित्तीय क्षेत्र की स्थिरता के लिए एक बड़ा कदम है।

## सोना सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा, चांदी भी मजबूत हुई



**नईदिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 1,400 रुपये की तेजी के साथ 60,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 58,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 1,860 रुपये की तेजी के साथ 69,340 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। विदेशी बाजारों में सोना और चांदी दोनों तेजी के साथ क्रमशः 2,005 डॉलर प्रति औंस और 22.55 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करते दिखे। गांधी ने कहा कि एशियाई बाजार के कारोबारी घंटों में कॉमेक्स सोने की कीमतों में तेजी आई और यह 55 सप्ताह के उच्च स्तर 2,005 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस शोध) नवनीत दमानी ने कहा कि बैंकिंग संकट की लहर ने वैश्विक बाजारों को हिला दिया और सर्राफा में तीन साल की सबसे बड़ी साप्ताहिक तेजी नजर आई।

### बैंकिंग संकट के चलते सोने में है उछाल, अभी तेजी बनी रहेगी : शाह

सोने की कीमतों में उछाल के बीच बाजार के विशेषज्ञ एवं रत्न आभूषण निर्यात परिषद के पूर्व अध्यक्ष कॉलिन शाह ने सोमवार कहा कि यह उछाल मुख्य रूप से पश्चिमी देशों में इस समय चल रहे बैंकिंग संकट के कारण है क्योंकि निवेशक के लिए सोने पर दबाव अधिक सुरक्षित लगने लगा है। कामा ज्यूलरी के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक शाह ने सोने की इस चमक पर कहा कि पिछले एक महीने में सोने की कीमतें लगभग 7-8 प्रतिशत बढ़ी हैं। पीली धातु में तेजी मुख्य रूप से पश्चिम में बैंकिंग संकट के कारण है।उनकी राय में आने वाले कुछ महीनों तक सोने में तेजी बनी रहेगी और इसे भारत में आगामी त्योहारों से भी समर्थन मिलेगा।

### भारत में कोविड-19 से बढ़ी गरीबी, ये दावा सरासर गलत : पनगढ़िया

**नईदिल्ली।** जाने-माने अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत में गरीबी और असमानता बढ़ने का दावा सरासर गलत हैं। उन्होंने कहा कि ये दावे विभिन्न सर्वे पर आधारित हैं, जिनकी तुलना नहीं की जा सकती है। उन्होंने एक शोध पत्र में यह भी कहा है कि वास्तव में कोविड के दौरान देश में ग्रामीण और शहरी के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर असामानता कम हुई है। कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष पनगढ़िया और इंटेलिंक एडवाइजर्स के विशाल मोरे ने मिलकर भारत में गरीबी और असमानता : कोविड-19 के पहले और बाद में शीर्षक से यह शोध पत्र लिखा है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में भारतीय आर्थिक नीति पर आयोजित आगामी सम्मेलन में इस शोध पत्र को पेश किया जाएगा।

### अब बिसलेरी नहीं बिकेगी, रमेश चौहान की बेटी जयंती संभालेगी कारोबार




**नईदिल्ली।** पिछले कुछ समय से बोतलबंद पानी की कंपनी बिसलेरी काफी चर्चा में है। बीते साल नवंबर में कंपनी के बिकने की तैयारी हो रही थी। सोमवार को कंपनी के चेयरमैन रमेश चौहान ने इस बात पर विराम लगा दिया है। उन्होंने बताया है कि अब बिसलेरी नहीं बिकेगी। इसका कामकाज उनकी बेटी जयंती चौहान संभालेंगी। उन्होंने कहा कि अब वो बिसलेरी को बेचने के मूड में नहीं हैं। आपको बता दें, बिसलेरी और टाटा कंज्यूमर के बीच डील को लेकर बातचीत बंद हो गई है। रमेश ने बताया कि वो कंपनी को बेचना नहीं चाहते हैं। टाटा ग्रुप की एफएमसीजी यूनिट टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने उनकी पानी बेचने वाली कंपनी बिसलेरी के साथ डील करने में अपनी रुची दिखाई थी। मगर, दोनों के बीच बात बंद होने से अब ये डील नहीं होगी और कंपनी की बागडोर उनकी बेटी जयंती ही संभालेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी के चेयरमैन रमेश चौहान ने कंपनी के विस्तार के लिए टाटा ग्रुप से सौदा करने का मन बनाया था। इस डील को करीब 7 हजार करोड़ में फाइनल होना था। रमेश चौहान ने कंपनी को बेचने के पीछे वजह बताई थी कि कंपनी के विस्तार के लिए उनके पास कोई उत्तराधिकारी नहीं है।

### अमेरिका में बैंक दिवालिया होने से मचा हाहाकर

**नईदिल्ली।** अमेरिका में बैंकिंग संकट और इसका यूरोप के बड़े बैंकों पर असर ये मुद्दा सुर्खियों में है। इस बीच एक सवाल जो इन डूब चुके और डूबने की कगार पर पहुंच चुके बैंकों के ग्राहकों के मन में आता है कि आखिर उनके पैसों का क्या अब होगा, और वह उन्हें मिलेगा की नहीं।अमेरिकी रेग्युलेटर्स और सरकार दोनों की ओर से कहा जा रहा है कि ग्राहकों का पैसा मारा नहीं जाएगा. लेकिन उनका पैसा कब और कैसे वापस होगा? इसका जवाब किसी के पास नहीं हैं। अमेरिका का सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने के कुछ ही दिन बात सिग्नेचर बैंक को बंद करने का ऐलान कर दिया गया। इसके अलावा फर्स्ट रिपब्लिक बैंक समेत 6 से ज्यादा बैंक पर डूबने का खतरा बढ़ गया. वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी फर्स्ट रिपब्लिक समेत करीब आधा दर्जन बैंकों को अंडर रिव्यू में डाल दिया।

### अमेजन अब 9000 कर्मचारियों की करेगी छंटनी

**नईदिल्ली।** आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन में एक बार फिर छंटनी की तैयारी शुरू हो गई है। कंपनी की ओर से सोमवार को बताया गया कि वह अगले कुछ हफ्तों में 9000 और कर्मचारियों की छंटनी करने जा रहा है। जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जाएगा, उनमें ज्यादातर एडब्ल्यूएस, विज्ञापन और ट्विच में हैं। इससे पहले जनवरी में रिपोर्ट आई थी कि अमेजन में छंटनी शुरू हो चुकी है। इसकी पुष्टि खुद कंपनी के सीईओ एंडी जेसी ने की थी। उन्होंने कहा था कि छंटनी शुरू हो रही है और कंपनी से करीब 18000 से अधिक कर्मचारी इससे प्रभावित होंगे, जिसमें भारत में भी हजारों कर्मचारी शामिल हैं।

### एयरोस्पेस क्षेत्र के उत्पादों का भारत में विनिर्माण का समय आ गया : सिंधिया

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश के विमानन क्षेत्र में वृद्धि की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए सोमवार को कहा कि अब भारत को विमानन क्षेत्र के उत्पादों के विनिर्माण पर ध्यान देना चाहिए। सिंधिया ने कहा कि अगले पांच से सात वर्ष में घरेलू विमानन कंपनियों के पास कुल 2,000 विमानों का बेड़ा होगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें भारत में एयरोस्पेस उत्पादों के विनिर्माण पर ध्यान देना चाहिए। विमानन क्षेत्र की परामर्शदाता कंपनी सीएपीए द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में नागर विमानन मंत्री ने कहा, भारत में विनिर्माण शुरू करने के लिए यह पूरी तरह से उपयुक्त समय है।


| राजधानी (न्यू बॉम्बे) | |
|---|---|
| दिन | रात |
| 344 = 1 | 146 = 1 |
| 570 = 2 | 270 = 9 |
| शुभांक | |
| दिन | रात |
| 124 = 7 | 157 = 3 |
| 150 = 6 | 110 = 2 |
| भाग्यांक | |
| 1 4 | 5 6 |

www.kalyangame.com





यदि किसी वित्त वर्ष में मिनिमम डिपॉजिट जमा नहीं किया है, तो PPF अकाउंट बंद कर दिया जाएगा।



इसके अलावा इस अकाउंट पर आपको लोन नहीं मिलेगा, और न ही आप इस खाते से पैसे निकाल सकेंगे।

अगर आप आखिरी तारीख तक पैसा नहीं डालते हैं तो बाद में खाते को शुरू कराने के लिए आपको हर साल के हिसाब से 50 रुपए जुर्माना देना होगा।



# दखल

# पीरियड लीव महिलाओं का हक



महिलाओं के पीरियड्स भारी दर्द से गुजरने वाली प्रक्रिया है और इन मामलों में महिलाएं भी अक्सर अपना स्टैंड नहीं ले पाती हैं। कुल-मिलाकर देखा जाए तो अगर देश में पीरियड्स लीव का नियम लागू होता है तो यह महिलाओं के हक में निर्णय होगा और इससे किसी को भी कोई गुरेज नहीं होना चाहिए। ये कहां का न्याय है कि महिलाओं के मासिक धर्म में उनसे भेदभाव किया जाए? जबकि यह एक ऐसा चक्र है जिससे महिलाओं को हर महीने गुजरना होता है।

**देश** में पीरियड्स लीव को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान इस मुद्दे पर अपनी राय दी है। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं और छात्राओं को मासिक धर्म में छुट्टी मिलने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा है कि इस तरह के मामले पर आदेश देने से कंपनियां महिलाओं को काम पर रखने से परहेज करेंगी। ये सच है कि वर्तमान समय में देश को सशक्त बनाने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। वर्तमान में महिलाएं कुशल तथा अकुशल श्रमिक के रूप में हर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही है। ऐसे में पीरियड्स लीव महिलाओं के वर्किंग स्किल को काफी प्रभावित करेगा। इस याचिका में मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 की धारा 14 के अनुपालन के लिए केंद्र एवं सभी राज्यों को छात्राओं व कामकाजी महिलाओं के लिए उनके कार्यस्थल पर मासिक धर्म के दौरान पेड लीव की मांग की गई थी, पर सुप्रीम कोर्ट ने पीरियड्स लीव को महिलाओं के लिए अलाभकारी निर्णय बताया है।

न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि नीतिगत विचारों के संबंध में यह उचित होगा कि याचिकाकर्ता महिला और बाल विकास मंत्रालय से संपर्क करें। गौरतलब हो कि इससे पहले भी अरुणाचल प्रदेश के सांसद निमोंग एरिंग द्वारा जनवरी 2018 में लोकसभा में एक बिल 'मेंस्ट्रुअल बेनेफिट' के नाम से पेश किया गया था। ये बिल कामकाजी महिलाओं को मेंस्ट्रुअल लीव यानी पीरियड्स के दौरान छुट्टी दिलाने के पक्ष में था। एरिंग ने बिल पेश करते हुए कहा था कि उन्होंने बिल इसलिए पेश किया क्योंकि देशभर से कई महिला संगठनों ने भारत में एक अच्छी 'मेंस्ट्रुअल लीव पॉलिसी' की मांग की है। वहीं अभी हाल ही में केरल सरकार ने जनवरी 2023 में उच्च शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी राज्य विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को मासिक धर्म (पीरियड्स लीव) की छुट्टी देने का ऐलान किया है। कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की तरफ से फीमेल स्टूडेंट्स को छुट्टी देने का फैसला किया गया था।

इसी फैसले के स्वागत में सरकार ने विभाग के दायरे में आने वाले सभी राज्य के विश्वविद्यालयों में इसे लागू करने का फैसला किया। वैसे इस मामले में भारत की कुछ कंपनियां पहले से ही महिलाओं को पीरियड्स लीव दे रही है। जिसमें स्विगी व जोमैटो जैसी कंपनी शामिल है। जनवरी 2023 में इलेक्ट्रिक सामान बनाने वाली दिल्ली की कंपनी ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने भी महिला कर्मचारियों के लिए पीरियड लीव की घोषणा की थी। मार्च 2021 में, दिल्ली सरकार ने भी इसी तरह घोषणा की थी कि वो अपनी सभी महिला कर्मचारियों को मेंस्ट्रुअल लीव देंगी। इस छुट्टी को कामकाजी महिलाएं पीरियड्स साइकल के किसी भी दिन ले सकती हैं और इससे उनकी बाकी छुट्टियों में कटौती नहीं की जाएगी। इसी तरह उत्तर प्रदेश सरकार व महाराष्ट्र सरकार ने भी मेंस्ट्रुअल लीव की घोषणा की है। भारत में बेशक यह मुद्दा बहस का विषय बना हुआ है पर दुनिया में ऐसे कई देश है जो महिलाओं को पीरियड्स लीव दे रहे हैं। जिनमें युनाईटेड किंगडम, चीन, जापान, ताइवान, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, स्पेन और जाम्बिया जैसे देश शामिल है। जो महिलाओं को पीरियड्स लीव जैसी सुविधाएं मुहैया कराते हैं। स्वीडन साल 2016 में पेड मेंस्ट्रुअल लीव पॉलिसी पेश करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया था।

इस पॉलिसी के तहत जो महिलाएं पीरियड्स के दिनों में पेट दर्द संबंधित परेशानियों का अनुभव करती हैं, वे पेड लीव की हकदार हैं। साल 2017 में, इटली मेंस्ट्रुअल लीव देने वाला पहला यूरोपीय देश बना था। यहां महिलाओं को हर महीने तीन दिन की छुट्टी लेने का अधिकार है। इसी तरह 2015 में, जाम्बिया ने महिला कर्मियों के लिए प्रति माह एक दिन की छुट्टी का प्रावधान किया। जबकि साल 2019 में, फिलीपींस ने एक कानून पेश किया, जिसमें एक महीने में दो दिनों तक महिलाओं को छुट्टी लेने की अनुमति दी गई है। पीरियड्स लीव के सम्बंध में ही यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन की एक रिसर्च कहती है कि इस दौरान किसी महिला को उतना ही दर्द होता है। जितना किसी व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ने पर होता है। ये सच है कि पीरियड्स में महिलाओं को तेज दर्द, उल्टी, दस्त के साथ हैवी ब्लीडिंग का सामना करना पड़ता है। कुछ महिलाओं को तो असहनीय पीड़ा से गुजरना होता है। बावजूद इसके वर्किंग महिलाओं के लिए पीरियड्स में छुट्टी लेना पॉसिबल नहीं होता है।

कुछ महिलाएं बढ़ते कॉम्पिटिशन के चलते खुद पीरियड्स लीव नहीं लेना चाहती हैं। उन्हें लगता है कि वो पीरियड्स लीव लेंगी तो साथी कर्मचारी इसका फायदा उठा लेंगी। वैसे देखा जाए तो ये कड़वा सच ही है कि हमारे समाज में शादीशुदा महिलाओं को जॉब ऑफर कम ही मिलता है। बच्चे होने के बाद स्थिति और खराब हो जाती है। ऐसे में मासिक धर्म के दौरान छुट्टी देने की बात होगी तो कंपनियां महिलाओं के पक्ष में मुश्किल रहेंगी। कंपनियों को अपने नफा नुकसान की फिक्र होगी। जो कि बढ़ते बाजारवाद में सही भी है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को पीरियड्स के दौरान भी काम करने को मजबूर रहेगी। ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन के जर्नल बीएमजे में प्रकाशित एक अध्ययन में शामिल नीदरलैंड की 32 हजार महिलाओं में से करीब 81 फीसदी महिलाओं ने माना है कि पीरियड्स के दौरान होने वाली तकलीफ से प्रोडक्टिविटी में 23 दिन के काम की कमी आई।

सर्वे के मुताबिक 14 प्रतिशत महिलओं ने माना कि पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द के कारण उन्होंने काम या स्कूल से छुट्टी तक ली। जबकि कुछ महिलाओं का कहना था कि दर्द होने के बावजूद उन्होंने अपना काम जारी रखा, क्योंकि उनको पता है कि उनकी छुट्टी का उनके काम पर असर पड़ेगा। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित 'एचआर सॉफ्टवेयर प्रोवाइडर विक्टोरियन वुमंस ट्रस्ट एंड सर्कल इन' के इस सर्वे के मुताबिक 70 प्रतिशत महिलाएं अपने मैनेजर से पीरियड्स के बारे में बात करने में सहज महसूस नहीं करतीं। वहीं 83 प्रतिशत ने माना कि इसका उनके काम पर निगेटिव असर पड़ा। ऐसे में देखें तो भले ही आधुनिक होती दुनिया में विकास की रफ्तार को नए आयाम मिले हैं। इंसान ने मीलों का सफर चंद पलों में तय करने की तकनीक अर्जित कर ली है। दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तरफ बढ़ रही है। यहां तक कि इंसान ने चांद और मंगल पर फतह हासिल कर ली है, लेकिन समाज में रूढ़िवादी परंपरा बरकरार है।

खास कर महिलाओं के लिए समाज की सोच का पैमाना आज भी निम्न स्तर का है। आजादी के सात दशक बाद भी महिलाओं के मासिक धर्म को लेकर समाज और सरकार का नजरिया नहीं बदला है। देश में महिलाओं का दर्द पितृसत्तात्मक समाज के लिए कोई मायने नहीं रखता। यह भी अटल सत्य है। महिलाओं से जुड़े मुद्दे आज भी घर की चारदीवारी में कैद होकर रह जाते हैं। फिर बात महिलाओं के पीरियड्स के दर्द की क्यों न हो? हम आधुनिक होने का लाख दिखावा कर लें पर आज भी दुनिया भर के नियम-कायदे कायम हैं! खासकर जब बात पीरियड्स की हो तो महिलाओं को मासिक धर्म में न तो घर के अंदर आने दिया जाता है न ही बिस्तर पर सोने दिया जाता है। यहां तक कि उनसे अछूतों की तरह व्यवहार तक किया जाता है।

**सोनम लववंशी**
(वरिष्ठ पत्रकार)

## धार्मिक

# नवरात्र के पहले दिन होती है मां शैलपुत्री की पूजा, जानें शुभ मुहूर्त एवं पूजन विधि



22 मार्च से चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व शुरु हो रहा है। पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि में कलश स्थापना या घटस्थापना की जाती है। नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है और पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। माता शैलपुत्री को हिमालय की पुत्री होने के कारण इस नाम से पुकारते हैं। शास्त्रों के अनुसार, नवरात्रि के पहले मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा व उपासना करने से मान-सम्मान में वृद्धि व उत्तम सेहत प्राप्त होती है। मां शैलपुत्री को सफेद वस्त्र अतिप्रिय हैं। इसलिए प्रतिपदा तिथि में मां दुर्गा को सफेद वस्त्र या सफेद पुष्प अर्पित करना अति शुभ माना गया है। इसके साथ ही सफेद बर्फी या मिठाई का भोग लगाना शुभ माना जाता है।

मां शैलपुत्री की पूजा विधि लकडी की चौकी पर लाल वस्त्र बिछायें और मां शैलपुत्री की तस्वीर स्थापित करें। हाथ में लाल पुष्प लेकर शैलपुत्री देवी का ध्यान करें। मंत्र इस प्रकार है- ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाय विच्चे ओम् शैलपुत्री देव्यै नम। मंत्र के साथ ही हाथ के पुष्प और मनोकामना गुटिका मां के तस्वीर पर अर्पित करें। इसके बाद भोग, प्रसाद, वस्त्र आदि अर्पित करें तथा मां शैलपुत्री के मंत्र का जाप करें।

### घटस्थापना का मुहूर्त

सुबह 06.23 बजे से 07.32 बजे तक
प्रतिपदा तिथि प्रारम्भ - मार्च 21, 2023 को रात 10.52 बजे
प्रतिपदा तिथि समाप्त - मार्च 22, 2023 को रात 08.20 बजे
ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 04.49 बजे से 05.36 बजे तक
विजय मुहूर्त - दोपहर 02.30 बजे से 03.19 बजे तक
अमृत काल - सुबह 11.07 बजे से 12.35 बजे तक

डिसक्लेमर- इस लेख में दी गई जानकारी/सामग्री/गणना की प्रामाणिकता या विश्वसनीयता की गारंटी नहीं है। सूचना के विभिन्न माध्यमों/ज्योतिषियों/पंचांग/प्रवचनों/धार्मिक मान्यताओं/धर्मग्रंथों से संकलित करके यह सूचना आप तक प्रेषित की गई हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ सूचना पहुंचाना है, पाठक या उपयोगकर्ता इसे सिर्फ सूचना समझकर ही लें। इसके अतिरिक्त इसके किसी भी तरह से उपयोग की जिम्मेदारी स्वयं उपयोगकर्ता या पाठक की ही होगी।

# सूर्य ने किया मीन राशि में प्रवेश, डेढ़ माह तक विवाह का शुभ मुहूर्त नहीं

**भोपाल।** बुधवार 15 मार्च को सूर्य ने मीन राशि में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही खरमास लग गया है। सूर्य इस राशि में 14 अप्रैल यानी करीब 30 दिन रहेंगे। लेकिन एक मई तक कोई विवाह मुहुर्त नहीं होने से आगामी 46 दिनों तक विवाह नहीं होंगे। इसके पहले विवाह का मुहूर्त नौ मार्च था।

पंडित विष्णु राजौरिया ने बताया कि सूर्य जब भी धनु या मीन किसी भी राशि में जातें है तो खरमास का आरंभ हो जाता है। फिलहाल, सूर्य मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। खरमास के दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। दरअसल, सूर्य को आत्मा का कारक ग्रह माना गया है। गुरु को धर्म का कारक ग्रह बताया गया है। इस समय को आत्मा और परमात्मा के मिलन का समय माना जाता है। धार्मिक दृष्टि से ऐसी मान्यता है कि इस समय सूर्य और गुरु साथ होते हैं तो देव ध्यान, यज्ञ, तप आदि कर्म करना शुभ फलदायी रहता है। जब सूर्य गुरु की राशि में हो तो इस दौरान सांसारिक कार्य से अपना मन हटाकर धर्म और अध्यात्म में मन लगाना चाहिए।



### मुहूर्त नहीं, तो भी कर सकेंगे अक्षय तृतीया को विवाह

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि हिंदू धर्म में किसी भी शुभ कार्य के लिए मुहूर्त जरूर देखा जाता है। ग्रह-नक्षत्रों के संयोग से बने शुभ योग में ही शादी, मुंडन, जनेऊ, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य होते हैं। शादी-विवाह के लिए सबसे ज्यादा शुभ मुहूर्त का ख्याल रखा जाता है। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व होता है। इसे अबूझ मुहूर्त माना जाता है, ऐसे में जिनका कुंडली से मुहूर्त नहीं निकलेगा वे भी इस दिन विवाह कर सकेंगे। इस साल 22 अप्रैल शनिवार को अक्षय तृतीया रहेगी।

विवाह नहीं होने पर ये करें उपाय - पंडित आचार्य प्रधान ने बताया कि जिन लोगों की शादी-विवाह में देरी हो रही है। वह विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करके विष्णु भगवान की प्रतिमा को हल्दी का लेपन करें और तुलसी चढ़ाने से विवाह की अड़चन दूर होती है। इसी तरह गुरुवार को लक्ष्मीनारायण भगवान का दर्शन करें और पीले फल चढ़ाकर पीले वस्त्र अर्पित करें।

डिसक्लेमर - इस लेख में दी गई जानकारी/सामग्री/गणना की प्रामाणिकता या विश्वसनीयता की गारंटी नहीं है। सूचना के विभिन्न माध्यमों/ज्योतिषियों/पंचांग/प्रवचनों/धार्मिक मान्यताओं/धर्मग्रंथों से संकलित करके यह सूचना आप तक प्रेषित की गई हैं।

हमारा उद्देश्य सिर्फ सूचना पहुंचाना है, पाठक या उपयोगकर्ता इसे सिर्फ सूचना समझकर ही लें।

# मंगलवार को लंगूर व गाय को खिलाएं रोटी, चना व गुड़,जीवन में खुशी मिलेगी भरपूर

मंगलवार का दिन वीर हनुमान और ग्रहों के सेनापति मंगल ग्रह को समर्पित है। सनातन धर्म में मान्यता है कि इस दिन लंगूर, बंदर और गाय को रोटी, चना और गुड़ खिलाना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में खुशियां आती है। सभी अधूरे काम पूरे होते हैं। सुख-समृद्धि मिलती है। दिमाग से संबंधित समस्याएं खत्म हो जाती है।

ज्योतिषाचार्य पंडित देव कुमार पाठक के अनुसार मंगल ग्रह को उग्र माना जाता है। यह गृह कलह, कष्ट, दुर्घटना आदि का कारण होता है। इतना ही नहीं जिन लोगों की कुंडली में मंगल की स्थिति मजबूत नहीं होती है उन्हें दिमाग, खून संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जातक को मंगल की स्थिति को मजबूत बनाने उपाय करना चाहिए ज्योतिष शास्त्र में मंगल की स्थिति को ठीक करने कई उपाय सुझाए गए हैं जिसका पालन कर जीवन में खुशहाली लाई जा सकती है। ऐसा करने से वीर हनुमान की विशेष कृपा बरसती है। मंगलवार के दिन सुबह और शाम के समय बजरंगबली के सामने घी का दीपक जलाकर पूजन करना चाहिए। बस इस बात का ध्यान रखें कि इसमें रुई नहीं बल्कि कलावा से बनी बाती का उपयोग करना चाहिए।





बाती में थोड़ा सा सिंदूर भी डालना चाहिए। इस दिन भगवान को बूंदी का लड्डू चढ़ाना चाहिए। चने की दाल व गुड़ का भी भोग लगाया जा सकता है। घर के आसपास मंदिर में जाकर हनुमान जी को चमेली के तेल में सिंदूर मिलाकर लेप करना चाहिए। हर मंगलवार ऐसा करने से मंगल दोष के साथ शनि दोष से भी मुक्ति मिल जाएगी। 108 तुलसी के पत्तों पर राम नाम लिखकर माला भी पहनाना चाहिए। मंगलवार को यदि किसी कारणवश व्यवस्त हैं तो मंदिर में जाकर हनुमान चालीसा का पाठ भी कर या सुन सकते हैं। मंदिर परिसर में साफ सफाई और अन्य काम में हाथ बंटा सकते हैं। संभव हो तो गरीब और बेजुबानों की सहायता करनी चाहिए।

# ग्रहों के राजकुमार बुध 31 मार्च को बदलेंगे राशि, इन 3 राशि वालों का चमकेगा भाग्य

भारतीय ज्योतिष के अनुसार ग्रहों की राजकुमार बुध देव 31 मार्च 2023 को राशि परिवर्तन करने जा रहे हैं। बुध अपनी नीच राशि मीन से निकलकर मेष में प्रवेश करेंगे। बुध के इस गोचर का प्रभाव सभी 12 राशियों पर देखने को मिलेगा। लेकिन 3 राशियां ऐसी हैं, जिन्हें इस समय काल में अच्छा मुनाफा होगा। आइये जानते हैं कि वो तीन राशियां कौन सी हैं।

मेष - बुध का गोचर मेष राशि के जातकों के लग्न भाव में होगा। इस गोचर के प्रभाव से जातक के साहस में वृद्धि होगी। इस समय काल में आप लोगों के साथ मेल-मिलाप करेंगे। मीडिया और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े जातकों को इस समय काल में अच्छा धन लाभ होगा। अगर आप नौकरी बदलने के विचार बना रहे हैं, तो यह समय अच्छा है। इस काम में आपको सफलता मिलेगी। आपके भाई और मित्रों से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा।

कर्क - बुध का गोचर कर्क राशि के जातकों के दसवें घर में होने जा रहा है। यह कर्म का घर माना जाता है। बुध के प्रभाव से आपको इस समय काल में अच्छेपरिणामों की प्राप्ति होगी। कार्यस्थल पर आपके काम की ना सिर्फ सराहना होगी बल्कि आपको नई जिम्मेदारी दी जाएगी। परिवार के साथ खुशनुमा पल बिताएंगे। घर में किसी प्रकार के मांगलिक कार्य की योजना बनेगी। आपकी मां की सेहत इस दौरान अच्छी रहने वाली है और आपको उनकी ओर से आर्थिक मदद मिल सकती है।

कुंभ - बुध देव का गोचर कुंभ राशि के तीसरे घर में होने जा रहा है। यह घर पराक्रम का माना जाता है। इस घर में विराजमान बुध की कृपा से मीडिया और लेखन से जुड़े जातक अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस समय काल के दौरान आप एक धार्मिक यात्रा पर जाने का प्लान बना सकते हैं। यह यात्रा आपके लिए लाभकारी साबित होगी। भाग्य भाव पर बुध की दृष्टि से इस समय भाग्य का पूरा साथ आपको मिलने वाला है। व्यापारी वर्ग के लिए इस समय मेहनत के बाद धन आगमन के योग दिखाई दे रहे हैं। निवेश करने वाले जातकों के लिए यह समय अच्छा रहने वाला है।

## डोडाचूरा तस्करी करने वाले आरोपी को हुआ 10 वर्ष का सश्रम कारावास

मंदसौर। विशेष न्यायधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी सुमित कुमार उर्फ सतीश पिता जोगेन्द्रपाल 25 साल निवासी नफरी कालोनी नवा शहर जिला एसबीएस पंजाब को डोडाचूरा तस्करी करने का दोषी पाते हुए 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा ने बताया कि 23 दिसबंर 2018 को पिपलियामंडी पुलिस ने मीनाक्षी ढाबे व ब्रिज के बीच व पिपलियामंडी हाईवे ब्रिज के वहां नाकाबंदी कर मिनी ट्रक को रोककर उसमें बैठे व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम सतीश उर्फ सुमित कुमार पिता जोगेन्द्रपाल तथा दूसरे ने अपना नाम निशानसिंह पिता भुट्टा सिंह लुधियाना पंजाब का रहने वाला बताया। दोनों आरोपियों ने मिनी ट्रक में पशु आहार के 300 कट्टों के नीचे तीन काले रंग के कटटो में 78 किलोग्राम डोडाचूरा भरा होना पाया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज किया और संपूर्ण कार्रवाई कर चालान न्यायालय में पेश किया।

6 युवकों के विरुद्ध अनेक धाराओं में प्रकरण दर्ज

## बाईक अड़ने की बात को लेकर स्कूली छात्रों के साथ गंभीर मारपीट

भानपुरा। मामूली बात को लेकर 12वीं की परीक्षा देने गांव से आए विद्यार्थियों के साथ गंभीर रूप से मारपीट करने वाले 6 युवकों के खिलाफ भानपुरा पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस थाना भानपुरा से प्राप्त जानकारी अनुसार विद्यार्थियों के साथ गंभीर रूप से मारपीट करने वाले 6 युवकों को मिनी गोवा जाकर गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। घटना बुधवार 15 मार्च की है कक्षा 12वीं की परीक्षा देने आए ग्राम धनकपुरा एवं केसौदा के कुछ छात्रों के साथ बाइक आमने सामने से अड़ने की बात को लेकर भानपुरा निवासी आदिल पिता बशीर, अन्नू खां पिता कालू, असलम पिता शब्बीर, शहनवाज पिता जाफर, असीम पिता शब्बीरए एवं हेमंत पिता विनोद सेन द्वारा गंभीर रूप से मार पीट पर कर घायल कर देने पर पुलिस थाना भानपुरा के पुलिस बल ने मारपीट करने वाले युवकों को गिरफ्तार किया एवं उपरोक्त सभी के विरुद्ध फरियादी पवन पिता इंद्रमल मीणा निवासी धनकपुरा की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया है।

मामला पुराने बस स्टैंड का है एवं मारपीट करने वाले युवकों द्वारा परीक्षा देकर आ रहे पवन मीणा एवं साथी केसौदा निवासी पवन मेघवाल, आनंद रमेशचंद लोटखेड़ी आदि के साथ दो मर्तबा नवल सागर होटल में एवं लोटखेड़ी रोड़ बजरंगबली चौराहे पर मारपीट की गई थी।

## शिवना शुद्धिकरण के हो रहे काम को लेकर कांग्रेस हुई मुखर, फिर से परीक्षण की मांग

मंदसौर। कांग्रेस ने शिवना शुद्धिकरण के लिए बिछाई जा रही सीवरेज लाइन के साथ ही नामांतरण सहित अन्य मामलों को लेकर शुक्रवार को रैली निकालकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी ने बताया कि मंदसौर नगर में कई समस्याएं व्याप्त है लेकिन उसका निराकरण करने की ओर किसी का ध्यान नहीं है। उन्होंने बताया कि आम नागरिक मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए नगरपालिका के चक्कर काट रहे है लेकिन यहां कोई सुनने वाला नहीं है। लोगों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्षद कई बार मुखर होकर विरोध कर चुके है लेकिन ध्यान कोई नहीं दे रहा है।

सीएमओ को नगर की 6 प्रमुख समस्याओं को हल करने के लिए ज्ञापन दिया। इसमें शिवना शुद्धिकरण के लिए गंदे पानी की निकासी के लिए डाली जा रही सीवरेज लाईन का पुनर्परीक्षण करने, शिवना नदी जो पुरी तरह से जलकुंभी से ढक चुकी है उसे अतिशीघ्र हटाए जाने, शहर की सडकों का जल्द निर्माण कार्य कर मरम्मत करने और हीबा के आधार पर नामांतरण फिर से शुरु कराने की मांग की। साथ ही अविकसित कॉलोनी में धारक के नामांतरण करने की मांग की। इसके अलावा कुत्तों की बढ़ती संख्या के संबंध में नीति निर्धारण कर लोगों को इससे निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने नारेबाजी करते हुए समस्याओ के जल्द निराकरण करने की मांग की। इस अवसर पर महेंद्रसिंह गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य दीपक चौहान, हनीफ शेख, तरूण शर्मा, मनजीतसिंह मनी, इष्टा भाचावत सहित बड़ी संख्या कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## किसानों के चेहरे मुरझाने लगे, कृषि उपजमंडी में व्यापारियों का दोहरा रवैया

मंदसौर। गरोठ में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरोठ को अलग अलग दो ज्ञापन सौंपे।ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में सरकार की गलत नीति के कारण किसानों की फसलों के दाम औंधे मुंह गिरे हैं जो गेहूं 3000 क्विंटल बिक रहा था वह आज 1700-1800 व रुपए प्रति क्विंटल पर आ चुका है। हमारे देश में सर्वाधिक किसानों की संख्या 2 हेक्टर तक भूमि रखने वालों की हैं। जो अपनी फसल को पकने के तुरंत बाद बेच कर अपना काम चलाते हैं परंतु वर्तमान में सरकार द्वारा 50लाख टन गेहूं खुले बाजार में लाने के कारण गेहूं के दाम औंधे मुंह गिरे है तथा आटे के दाम नहीं घटे है। सरकार की यह व्यवस्था किसानों के चेहरे मुरझाने जैसी है। महंगाई के नाम पर किसानों का शोषण करने वाला अंदाज दिखाई देता है अगर वास्तविक महंगाई की बात की जाए तो जिस अनुपात में बाजार में अन्य वस्तुओं की कीमत बढ़ी है उसी अनुपात में कृषि जिंसों का मूल्य भी बढ़ना चाहिए ऐसा नहीं होना किसानों के साथ सरासर अन्याय है। अगर आपने उपरोक्त विषय पर ध्यान नहीं दिया तो किसान कर्ज चुकाने में असमर्थ हो जाएगा। सरकार की नीतियों में भी कर्ज बढ़ाने की योजना बजट में घोषित की गई है देश में हर फसल के उत्पादन और खपत के आधार पर आयात निर्यात नीतियों और फसलों के उत्पादन लागत के हिसाब से किसानों की आय को ध्यान में रखकर नीति बनेगी तो बाजार का संतुलन सही रहेगा। कहीं ऐसा ना हो कि सरकार के खिलाफ अराजकता और नाराजगी जाहिर हो जाए आलू प्याज एवं अन्य सभी फसलों की ओर भी ध्यान रखना जरूरी होगा भारतीय किसान संघ मांग करता है कि इस अन्याय को दूर किया जाए और वर्तमान में बेमौसम बारिश ओले तूफान से फसल हानि हुई है इसका सर्वे को तत्काल मुआवजा दिया जाए।

## जिले के 68 केंद्रों पर 25 मार्च से शुरु होगी गेहूं की सरकारी खरीदी

मंदसौर। जिले में रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की सरकारी खरीदी 25 मार्च से शुरु हो रही है। 68 केंद्रों पर गेहूं की खरीदी का काम शुरु होगा। हालांकि उपार्जन नीति में बदलाव नहीं आया है और पिछले साल की तर्ज पर ही उपार्जन होगा। इसमें किसान स्लॉट से बुक करेंगा और समर्थन पर गेहूं सरकारी को केंद्र पर जाकर बेचने की तारीख वह खुद तय करेगा। मेसेज नहीं आएगा और स्लॉट के आधार पर ही किसान गेहूं बेचने केंद्र पर पहुंचेगा। हालांकि गत वर्ष की अपेक्षा इस बार समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए पंजीयन तो कम किसानों ने कराया है लेकिन ओलावृष्टि के बाद अंतिम 15 दिनों में पंजीयन की रफ्तार जिस तेजी से बढ़ी है उसे देखते हुए माना जा रहा है कि सरकारी खरीदी में भी बेहतर होगी। 68 केंद्रों पर खरीदी की तैयारियां शुरु कर दी गई है। गेहूं की सरकारी खरीदी भले ही 25 मार्च से शुरु हो रही है और इसके लिए विभाग ने तैयारियां शुरु करते हुए 68 केंद्र बनाने के साथ वहां उपार्जन से जुड़ी तैयारियां शुरु कर दी है। लेकिन चना, मसूर व सरसों की उपार्जन की तारीख अभी तय नहीं हुई है, हालांकि माना जा रहा है कि वह भी मार्च माह के अंतिम दिनों में शुरु हो जाएगी।

# आसमान से बरसती आफत व ओलों के बीच शुरु हुई जिले में किसानों के नाम पर सियासत

मंदसौर। रबी सीजन के दौर में जब किसान अपनी फसलों को घर लाने की तैयारियां में था। उसी समय आसमान से आफत की बारिश व ओलों की बरसात ने कमर तोड़दी। इसके साथ ही जिले में किसानों को राहत देने के नाम पर सियासत का दौर शुरु हो गया। कांग्रेस जहां बिना सर्वे मुआवजा देने की मांग कर रही है तो भाजपा के नेता व जनप्रतिनिधि सर्वे के साथ मुआवजा देने का आश्वासन कई बार दे चुके है तो सर्वे के नाम पर कुछ जगहों पर खानापूर्ति हो भी रही है। लेकिन किसानों को राहत का अब तक इंतजार ही है तो खेतों की मेड़ पर खराब होती फसलों को देख किसान सर्वे के लिए अधिकारियों के आने की बाट जोह रहा है। जनप्रतिधियों ने ट्वीट किए तो फोन भी लगाए लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारियों की अरुचि के कारण किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



पहले हुई ओलावृष्टि के बाद किसानों को राहत नहीं मिली ओर फिर ओले गिर गए। जिले में पिछले कई दिनों से मौसम खलनायक बना हुआ है। रविवार को भी आसमान पर बादलों ने डेरा डाले रखा तो आंधी-तुफान का दौर भी जारी रहा। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार जिले में बारिश भी हुई तो तो ओले भी गिरे। लेकिन आज सिस्टम कमजोर होने के साथ राहत मिलने की आस है।

चुनावी वर्ष में अफसरों की कार्यशैली से बढ़ रहा किसानों में बढ़ रहा आक्रोश - साल के अंत में विधानसभा के चुनाव होना है। ऐसे में किसानों के नाम पर राजनीति भी नुकसानी के दौर में होने लगी है, लेकिन किसानों को राहत देने के नाम पर प्रशासन ने अब तक गंभीरता नहीं दिखाई है और ना ही किसी स्तर पर बैठको के साथ फील्ड में प्रशासन के बड़े अधिकारी दिखे है। छोटे कर्मचारियों के भरोसे सर्वे रिपोर्ट तैयार करने का दावा किया जा रहा है लेकिन पूर्व में हो चुकी ओलावृष्टि की सर्वे रिपोर्ट का अब तक ठिकाना नहीं है। ऐसे में फसलों के नुकसान के साथ जिले के दोनों कैबिनेट मंत्री, विधायक से लेकर अन्य नेताओं के निर्देशों के बाद अधिकारियों की कार्यशैली से किसानों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा जा रहा है।

दोपहर बाद फिर से चली हवा कई जगहों पर हुई बारिश - ओलावृष्टि से सहमें किसानों को राहत की उम्मीद अब तक नहीं दिखाई दे रही है। वहीं शनिवार को फिर से दोपहर तक मौसम साफ रहने के बाद दोपहर बाद मौसम बदला ओर बादल छाने के साथ तेज हवाओं के साथ कई जगहों पर बारिश का क्रम शुरु हो गया। नाहरगढ़ से लेकर जिले में अन्य जगहों पर फिर से आफत की बारिश हुई।

14 मार्च से दो सिस्टम एक्टिव इसलिए ओले के साथ हो रही बारिश - प्रदेश में 14 मार्च से दो सिस्टम एक्टिव हैं। 16-17 मार्च से सिस्टम ज्यादा मजबूतइ हो गया। इस कारण बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। 20 मार्च तक मौसम के ऐसा ही रहने की बात मौसम विभाग ने पूर्व में ही कही है। मौसम वैज्ञानिकों ने ओलावृष्टि होने और तेज आंधी चलने की संभावना भी जताई है। वहीं आज भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। तो वहीं कई जगहो पर तेज हवा भी चल रही है। रविवार को भी जिले में कई जगहों पर आसमान पर बादल छाए रहे। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो पांच दिन से बिगड़े सिस्टम की वजह से गेहूं, चने और सरसों की फसलों पर असर पड़ा है। अगले दो दिन मौसम और बिगड़ा हुआ रहेगा।

इसलिए बदला मौसम - मौसम वैज्ञानिको की माने तो उत्तर भारत में एक विक्षोभ सक्रिय है जो काफी मजबूत है। इसी के प्रभाव से एक प्रेरित चक्रवात साउथ ईस्ट राजस्थान में 14 मार्च से बना हुआ है। इससे मौसम बदल गया है। 16 मार्च से फिर एक पश्चिमी विक्षोभ बन गया है। दक्षिण-पूर्वी हवाएं बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी लेकर आ रही है। इन दोनों के मिश्रण से प्रदेश में बारिश, ओलावृष्टि और तेज आंधी का असर है। 20 मार्च तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी।

# पापा की परी ने लिखा, सर एक लोटा जल शिवजी को चढ़ाया है, अब आपकी जिम्मेदारी है पास करना

रतलाम। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की कक्षा 10वीं 12वीं की कॉपियों की जांच का कार्य मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुरू हुआ। पहले दिन कई तरह के रोचक नोट्स कॉपियों में बच्चों के हाथ लिखे हुए मिले। किसी ने लिखा सर, आपकी भी बेटी होगी, मैं भी बेटी जैसी हूं, प्लीज पास कर देना तो किसी ने भगवान की कसम देकर गुहार की है।

हाईस्कूल हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2023 के प्रथम समूह का मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ। हाईस्कूल की 33548 व हायरसेकेण्ड्री की 38087 उत्तरपुस्तिकाएं जांच के लिए आई है। मूल्यांकन के पहले दिन हाईस्कूल के हिंदी एवं संस्कृत विषय तथा हायर सेकेण्ड्री के अंग्रेजी, भौतिक शास्त्र, जीवविज्ञान, राजनीति, अर्थशास्त्र एवं कृषि की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच 62 शिक्षकों ने की। इससे पहले कॉपी जांच के नियम समझाए गए।



ये भी लिखा कॉपी में - सर, परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं है, प्लीज पास कर देना। आपकी भी बेटी होगी, मैं बेटी जैसी ही हूं, पास कर देना। सर घर में कमाने वालों में सिर्फ मां है। सभी को मुझसे उम्मीद है। जितना लिखा उसमें नंबर पूरे देना।

यह रहे मौजूद - जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा एवं मूल्यांकन अधिकारी सुभाष कुमावत प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय ने सभी परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया। सहायक मूल्यांकन अधिकारी डॉ. पूर्णिमा शर्मा, माया मौर्य, शरद शर्मा, यशस्वी वर्मा, विशेष सहायक मूल्यांकन अधिकारी डॉ. ललित मेहता, डॉ. ज्योति चावला, दिव्या मल्ल, खुशबू शुक्ला उपस्थित थे।

# रतलाम दिव्यागों ने 16 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली रैली

रतलाम। विभिन्न मांगों को लेकर दिव्यांगों द्वारा राघोगढ़ से गुना तक निकाली जा रही पैदल यात्रा के समर्थन में रतलाम में भी दिव्यांगों ने सोमवार को बरबड़ से दिव्यांग स्वाभिमान यात्रा निकाली। वाहन रैली के रूप में वे विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां नारेबाजी कर मुख्यमंत्री के नाम 16 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार कुलभूषण शर्मा को सौंपा।

मध्य प्रदेश विकलांक संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में दिव्यांग दोपहर करीब 12 बजे बरबड़ हनुमान मंदिर परिसर क्षेत्र में एकत्र हुए। वहां से उन्होंने वाहन रैली निकाली। दिव्यांग अपने दोपहिया वाहनों व ट्रायसिकलों से दोपहर करीब डेढ़ बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचे व मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष राजेश परमार व अन्य पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन संघ की प्रदेश महासचिव किरण पाटीदार ने किया। पाटीदार ने बताया कि उनकी मुख्य मांग दिव्यांगों की मासिक पेंशन 600 रुपये से बढ़ाकर पांच हजार रुपये की जाए। आवासहीन दिव्यांगों को आवास उपलब्ध कराए जाए। सभी विभागों में दिव्यांगों के रिक्त पदों को बैकलाग भर्ती के माध्यम से शीघ्र भरा जाए। हमें विकलांग है, हमें दिव्यांग नहीं कहा जाए। दिव्यांग कहने से कुछ फायदा नहीं होता।



मुख्यमंत्री निवास तक पदयात्रा की जाएगी - ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार ने पिछले 20 वर्षों में दिव्यांगों के क्षेत्र में ऐसा कोई काम नहीं किया है, जिससे उनके जीवन में कोई सुविधा आई हो या उनका जीवन बेहतर हुआ हो। दिव्यांगों के जीवन में बदलाव लाने वाली हर सुविधा से वंचित रखा गया है। प्रदेश सरकार दिव्यांगों की उपेक्षा कर रही है। विभिन्न मांगों को इसी पहले शीतकालीन सत्र में कानून बनाकर पूरा किया जाए, अन्यथा हर जिले से मुख्यमंत्री निवास तक दिव्यांगों द्वारा पदयात्रा की जाएगी।

ये भी है मांगें - दिव्यांग अधिनियम 2016 व मध्य प्रदेश दिव्यांग नियम 2017 को धरातल पर लागू करें। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग से दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग अलग करें। पंचायत, नगरीय निकाय, विधानसभा व संसद के दोनों सदनों में दिव्यांगों को पांच प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। आवासहीन दिव्यांगों के लिए पट्टा वितरण कर आवास व शौचालय उपलब्ध कराए। आउटसोर्स भर्ती में दिव्यांगों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य करें। दिव्यांगों के यूडी आईडी कार्ड हर विभाग में लागू करें। ग्रामीण, शहरी अंचल की दिव्यांग खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निशुल्क खेल सामग्री दी जाए व तहसील तथा जिलास्तर पर ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करें। दिव्यांगों का हारिजेंटल आरक्षण समाप्त कर एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस की तरह दिव्यांगों का भी स्वतंत्र वर्ग निर्धारित कर आरक्षण दें। शिक्षा के सभी क्षेत्रों में निशुल्क शिक्षा व छात्रावास का प्राविधान किया जाए। बिजली बिलों में पूरी छूट दे आदि।

## बांसवाड़ा हाईवे पर चलती कार में आग लगी

रतलाम। बांसवाड़ा हाईवे पर धामनोद से करीब एक किलोमीटर दूर निर्माणीधीन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे सर्कल के पास चलती कार में आग लग गई। चालक ने कार किनारे खड़ी की और तत्काल कार से उतरकर अपने स्वजन को भी उतारकर दूर चले गए।

कुछ ही देर में आग से ऊंची-ऊंची लपटें निकलने लगीं। इसके बाद फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार बुरी तरह जल चुकी थी। जानकारी के अनुसार सैलाना उप जेल में पदस्थ आरक्षक कपिल परमार अपनी पत्नी आरती को रतलाम के अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए ले जा रहे थे। वे कार (एमपी-09/डब्लयूए-1777) में गुरुवार दोपहर पत्नी आरती व सास माया परिहार को लेकर धामनोद से रतलाम जा रहे थे।

तभी निर्माणाधीन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे सर्कल के पास शार्ट सर्किट होने से कार से धुआं निकलने लगा।कपिल ने तत्काल समझदारी का परिचय देते हुए हिम्मत से काम लिया और कार को सड़क किनारे रोका। इसके बाद वे, उनकी पत्नी व सास कार से उतरकर दूर जाकर खड़े हो गए। देखत-देखते कार में आग ने विकराल रूप ले लिया और लपटें निकलने लगीं। सूचना मिलने पर धामनोद नगर परिषद के कर्मचारी दमकल लेकर मौके पर पहुंचे व ग्रामीणों की मदद से करीब 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया। इसी बीच नगर निगम रतलाम की फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई थी।

## टीआई से लेकर नेताओं के नाम पर धमका मांग रहे बदमाश रूपए

मंदसौर। सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर रूपयों की मांग करने के साथ-साथ अब बदमाशों ने नया तरीका इख्तियार कर लिया है। वे किसी भी नंबर को हेक कर पहले उसके फोन नंबर कॉपी कर लेते है। और फिर संबंधित की वाट्सअप पर डीपी लगाकर रूपयों की मांग करते है। इस तरह के मामले जिले में भी सामने आए है। इसमें भाजपा नेताओं से लेकर अन्य के नाम से रूपयों की मांग भी की गई है। गत रात को कोतवाली थानाप्रभारी अमित सोनी के नाम की फर्जी आईडी बनाकर एक मजदूर से रूपयों की मांग की गई। जिसकी शिकायत कोतवाली थानाप्रभारी को की गई। वे अब इसकी जांच कर रहे है।

गत रात को टीआई सोनी की फर्जी आईडी बनाकर रिर्सोट पर काम करने वाले एक मजदूर को बदमाश ने मैसेज किया। और उससे रूपयों की मांग की गई। वह मजदूर घबरा गया और उसने अपने मालिक को फोन किया। तो संबंधित ने फिर थानाप्रभारी सोनी को इसकी सूचना दी। थानाप्रभारी सोनी ने तत्काल जानकारी मंगवाई। वहीं एक थानाप्रभारी को भी इस तरह फर्जी तरह से बदमाशों ने ठगने का प्रयास किया। थानाप्रभारी ने जागरुकता दिखाई और संबंधित थानाप्रभारी को सूचना दी। एक पत्रकार के पास भाजपा नेता दिलीप तिलानी की फोटो लगी डीपी से वाट्सअप पर पहले मैसेज आया। कुछ बात हुई और फिर संबंधित ने रूपए मांगे। पत्रकार ने जागरुकता दिखाते हुए सीधे भाजना नेता को फोन लगाया और इसकी जानकारी दी। इस पर भाजपा नेता तिलानी ने कहा कि किसी ने उनकी फोटो की डीपी लगाकर फ्राड कर रहा है। जिसकी शिकायत भी की है।

पुलिसं अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के फ्राड तेजी से हो रहे है। यदि किसी से भी कोई भी फर्जी आईडी बनाकर रूपए की मांग करता है तो पहले संबंधित से फोन पर बात करले और पूरी जानकारी संबंधित को दें। ताकि आपके साथ कोई फ्राड नहीं कर पाए। और उसके बाद संबंधित की शिकायत भी पुलिस को करें। ताकि कोई दूसरा इसका शिकार ना हो।

साइबर सेल प्रभारी जितेंद्र सिंह सिसौदिया ने बताया कि सोशल प्लेटफार्म पर होने वाले फ्राड से सिर्फ और सिर्फ जागरुकता ही बचा सकती है। कोई भी रूपए मांगे तो सीधे फोन कर के उससे बात करें। इस तरह के फ्राड अभी हो रहे है। मोबाइल को हेक कर नंबर लेकर संबंधित की आरोपी फोटो डीपी पर लगाकर रूपए मांगते है। इन सभी फ्राड से केवल जागरुकता ही बचा सकती है।

## रतलाम में कलेक्टर ने कहा दो मिनिट में तुम्हारी गुंडागर्दी भुला दूंगा



रतलाम। रतलाम के प्रतापनगर क्षेत्र में है गुंडे अज्जू शेरानी का आतंक वर्षो से है। यहां मंगलवार को जनसुनवाई में क्षेत्र के लोग कलेक्टर के पास पहुंचे व बताया कि गुंडा अज्जू शेरानी से वे परेशान है। इसके आतंक से परेशानी है। वो क्षेत्र में किसी को निर्माण नहीं करने देता है। इसके बाद कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी क्षेत्र में पहुंचे व गुंडे अज्जू शेरानी को कहा तुम्हारी गुंडागर्दी भुला दूंगा। कलेक्टर पहुंचे क्षेत्रवासियों की फरियाद पर क्षेत्र में पहुंचे थे।

## सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार आ रहा उछाल



रतलाम। अमेरिका में सिलिकान वैली बैंक के बाद न्यूयार्क स्थित सिग्नेचर बैंक दिवालिया होने से शेयर बाजार धड़ाम से नीचे आ गया और सोना-चांदी के भाव आग लग गई। चांदी में 2800 रुपये और सोना में 750 रुपये की तूफानी तेजी आ गई। बीते पांच दिनों से सोना-चांदी के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। चांदी अब 67 हजार और सोना 59 हजार के पार पहुंच गए हैं। भाव में अत्यधिक तेजी ने ग्राहकों के बजट बिगाड़ दिए हैं। निम्न व मध्यम वर्गीय परिवारों की पहुंच से सोना-चांदी दूर होते जा रहे हैं।

अमेरिका में एक के बाद एक दो बैंक पर ताला लगने से सोना-चांदी के भाव में तूफानी तेजी आ गई है। मूल्यवान धातु सोना-चांदी के भाव ने फिर से आसमान छूने को बेताब है। ग्राहकी के अभाव में सोना-चांदी के भाव में तेजी ने कारोबारियों को सकते में ला दिया है। व्यवसायी शुभम मूणत ने बताया कि न्यूयार्क स्थित सिग्नेचर बैंक दिवालिया होने से शेयर बाजार में गिरावट आई है और सोना-चांदी के भाव में तेजी आ गई है। मंगलवार को आरटीजीएस में चांदी के भाव 67600 रुपये और सोने के भाव 59200 रुपये रहे। एक फरवरी 2021 की तुलना में वर्तमान में चांदी में 5500 रुपये किलो की गिरावट आई है, वहीं सोने में 9200 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई है। 2021 में एक फरवरी को चांदी के भाव 73100 रुपये और सोने के भाव 50000 रुपये रहे थे।

## आबकारी विभाग के कार्यालय में आग

रतलाम। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के महलवाड़ा परिसर में स्थित आबकारी विभाग के कार्यालय में आग लग गई। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी दमकल लेकर पहुंचे व आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार्यालय में लगे पांच कम्प्यूटर, दस्तावेज व अन्य सामान जल चुका था। आग के कारणों का पता नहीं चला है, लेकिन आग शार्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार महलवाड़ा परिसर में रंजिश विलास पैलेस भवन की दूसरी मंजिल पर स्थित आबकारी विभाग के कार्यालय के हाल में रविवार शाम अचानक आग लग गई। आग ने वहां रखे कम्प्यूटरों, दस्तेवाजों व अन्य सामानों को अपनी चपेट में ले लिया और धुआं ही धुआं हो गया।हाल से धुआं निकलते देख वहां ड्युटी पर तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। सहायक आबकारी आयुक्त नीरजा श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी कुछ ही देर में वहां पहुंचे।

अधिकारियों ने मीडियाकर्मियों को बताया कि आग से कितना नुकसान हुआ है, यह अभी पता नहीं चला है। हाल में धुआं होने के कारण पूरा हाल अभी चेक नहीं किया जा सका है। पता लगाया जा रहा है कि आग से क्या-क्या जला है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए मॉ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला नीमच मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क 9407423966। सभी विवादो का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।